13-02-2013
हिन्दुस्तान दैनिक पेपर (भागलपुर) बिहार
पेज नं-06

नवोदय विद्यालय में पसरा रहा सन्नाटा

बड़हिया | संवाद सूत्र

बड़हिया स्थित नवोदय विद्यालय में अखिल भारतीय नवोदय विद्यालय कर्मचारी संघ द्वारा आहूत अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन भी जारी रहा। विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने नवोदय विद्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्रित होकर अपनी मांगों के समर्थन मे धरना दिया एवं संघ द्वारा रखी गयी सभी मांगों को सरकार द्वारा माने जाने तक हड़ताल जारी रखने की बात कही।

धरना को संबोधित करते हुए बड़हिया नवोदय विद्यालय कर्मचारी संघ के सचिव सुशील शास्त्री ने कहा कि भारत सरकार की दो प्रमुख शिक्षण संस्थान नवोदय विद्यालय एवं केन्द्रीय विद्यालय है। केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षक 10 बजे से 4 बजे तक ड्यूटी करते है फिर भी उन्हे पेंशन की व्यवस्था है। जबकि नवोदय विद्यालय के शिक्षक 24 घंटें कार्य करते हैं फिर भी उन्हें पेंशन की सुविधा नहीं है। जबतक हमलोगों की पेशन सहित अन्य सभी मांगे नही मानी जाती संघ के निर्देशानुसार हड़ताल जारी रहेगी। उधर शिक्षकों के हड़ताल पर चले जाने की वजह से क्लास रूम में सन्नाटा पसरा रहा। विद्यार्थी इधर उधर घूमते रहे। कई

धरना पर बैठे नवोदय विद्यालय के कर्मी। ● फोटो: हिन्दुस्तान

विद्यार्थी हड़ताल को देखते हुए अपने अभिभावकों के साथ अपने घरों को प्रस्थान कर रहे थे।

दूसरी ओर गैरशैक्षणिक कर्मचारियों के भी हड़ताल पर रहने की वजह से विद्यालय में बच्चों के भोजन बनाने की बैकल्पिक व्यवस्था विद्यालय प्रशासन द्वारा की गई है। हड़ताल कार्यक्रम मे विद्यालय के शिक्षक श्री कृष्ण बिहारी पांडेय, आर के राय, डीके राय, अजय कुमार, राजेंन्द्र प्रसाद सिंह, नीरज कुमार, राकेश कुमार, अरविंद कुमार, राजनंदन प्रसाद, विपिन कुमार, दुलाल दास, एम वी चानू, सत्यवती कुमारी, पवन कुमार, उमेश चौधरी, आदि सहित कर्मचारी उपस्थित थे। इनके समर्थन में बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रखंड सचिव श्री सुधीर कुमार एवं सदस्य राज्य कार्यसमिति श्री विपिन कुमार सिंह ने अपनी उपस्थित दर्ज कर मांगों को जायज ठहराया।

गाड़ियों का जमावड़ा

पीरी बाजार। यूको बैंक के समीप स्थानीय लोगों के द्वारा सवारी गाड़ी एवं अपनी-अपनी बाइक का जमावड़ा लगा देने के कारण एक बड़े वाहनों आने के उपरान्त प्रायः जाम की समस्या बन जाती है। स्थानीय दुकानदार लोकेश कुमार, नीरज सिंह, मुकेश सिंह, मो. रूस्तम अंसारी, राज कुमार शर्मा आदि ने बताया कि यूको बैंक का अपना वाहन स्टैंड नहीं होने के कारण जहां-तहां अपना वाहन लगा देते हैं जिससे लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। **नि.सं**

हत्या के मामले में गिरफ्तारी का आदेश

लखीसराय। टाउन थाना क्षेत्र के बभनगांवा ग्रामवासी आरटीआई कार्यकर्ता रामविलास सिंह की 8 दिसम्बर 2011 को हुई हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक ने तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का आदेश अनुसंधानकर्ता को दिया है।

पुलिस अधीक्षक एस.प्रेमलथा के द्वारा 1 फरवरी 2013 को जारी अपने प्रतिवेदन में कांड को सत्य बताते हुए इस हत्याकांड में शामिल साजिशकर्ता एवं अन्य अप्राथमिकी अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार करने और गिरफ्तारी नहीं होने की दशा में उनके खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

विदित हो कि आरटीआई कार्यकर्ता रामविलास सिंह की हत्या बीते 8 दिसम्बर 2011 को उस वक्त कर दी गयी थी जब वे अपने परिवार के अन्य सदस्य के श्राद्ध कर्म में शामिल होने गांव गये हुए थे **नि.प्र**

ममता कक्ष नहीं रहने से हो रही परेशानी

लखीसराय। जिले के सदर अस्पताल में जच्चा और बच्चा की देखभाल के लिये अनुबंध पर बहाल ममता कार्यकर्ताओं का अपना कक्ष नहीं रहने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हड़ताल से पसरा